Title: Need to provide more financial assistance to the Government of Bihar for reconstruction of basic infrastructure in the State- Laid.

श्री राजो सिंह (बेगुसराय) : अध्यक्ष महोदय, मैं सदन के माध्यम से यह सूचित करना चाहता हूं कि बिहार देश का सर्वाधिक बाढ़ प्रभावित राज्य है। पूरे देश के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का 16 प्रतिशत से अधिक भाग बिहार में ही है। बिहार का लगभग 70 प्रतिशत भाग बाढ़ प्रवण क्षेत्र होने के बावजूद राज्य को कोई विशे सहायता केन्द्र से प्राप्त नहीं हो पायी है। गत र्वा भी राज्य को कुल 1546.22 करोड़ रू0 की क्षति हुई थी, परंतु केन्द्र से मात्र लगभग 29 करोड़ रू0 ही विशे सहायता के रूप में प्ाप्त हो सके। प्रत्येक र्वा होने वाली क्षति का आंशिक पुनरूद्वार भी इस अल्प राशि से संभव नहीं है। ग्यारहवें वित्त आयोग द्वारा लगाये गये प्रतिबंधों के कारण आधारभूत संरचनाओं के पुर्ननिर्माण पर राज्य सरकार इस अल्प राशि को भी व्यय नहीं कर सकी।

मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर दिलाकर आग्रह करना चाहता हूं कि इस राज्य की विशे परिस्थिति को देखते हुए केन्द्र सरकार अपने निर्देशों में अपेक्षित संशोधन करने पर विचार करें एवं अधिक से अधिक राशि राज्य को विशे सहायता के रूप में उपलब्ध करावें, जिससे राज्य की आधारभूत संरचनाओं का पुर्ननिर्माण किया जा सके।